हरिभूमि
# रोहतक भूमि
तापमान अधिकतम 42.0 डिग्री | न्यूनतम 17.3 डिग्री
रोहतक, शुक्रवार 17 अप्रैल 2026

बैंक ने प्रीमियम तो काटा, पर मृत्यु के बाद... 8



'तरंग-2026' में शिक्षा और सशक्तिकरण का संगम 8






# शहर में 20 मंजिला इमारतें, आग बुझाने की क्षमता पांचवीं मंजिल तक की भी नहीं

## आग लगी तो गुरुग्राम से हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म मशीनें आने तक कैसे बचेगा शहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर में तेजी से हो रहे शहरी विकास के बीच अग्निशमन व्यवस्था की कमजोरियां अब खुलकर सामने आ रही हैं। जहां एक ओर शहर में 20 मंजिला तक ऊंची इमारतें खड़ी हो चुकी हैं, वहीं दूसरी ओर फायर ब्रिगेड की स्थिति इतनी दयनीय है कि वह पांचवीं मंजिल तक लगी आग को भी प्रभावी ढंग से बुझाने में सक्षम नहीं है। यह स्थिति न केवल प्रशासनिक लापरवाही को उजागर करती है, बल्कि जिले के करीब 12 लाख लोगों की सुरक्षा पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न लगाती है। सूत्रों के अनुसार, फायर विभाग के पास आधुनिक उपकरणों की भारी कमी है। आग बुझाने के लिए आवश्यक हाईड्रा मशीन (हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म) की सख्त जरूरत लंबे समय से महसूस की जा रही है, लेकिन अब तक इसकी व्यवस्था नहीं की गई है। ऊंची इमारतों में आग लगने की स्थिति में बिना इस मशीन के राहत और बचाव कार्य करना लगभग असंभव हो जाता है। अभी तक यह मशीन बड़े शहरों में ही उपलब्ध है। इस मशीन के न होने से बहु मंजिला भवनों में आग पर काबू पाना असम्भव होता है। जरूरत पड़ने पर हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म मशीनें गुरुग्राम से मंगवानी पड़ती है जिनके रोहतक तक आने में तीन से चार घंटे तक का समय लग जाता है।



**12** लाख के करीब है शहर की आबादी
**11** गाड़ियां हैं दमकल विभाग के पास
**42** कर्मी हैं कुल

### बड़ा सवाल : कब तक मिलेगी सुरक्षा

प्रशासन की ओर से हालांकि समय-समय पर सुधार के दावे किए जाते रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती है। अगर जल्द ही इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो शहर किसी बड़े अग्निकांड का गवाह बन सकता है। अब यह देखना होगा कि जिम्मेदार अधिकारी इस गंभीर समस्या को कितनी प्राथमिकता देते हैं और कब तक शहर को एक सुरक्षित अग्निशमन व्यवस्था मिल पाती है।

### जिले के फायर विभाग में कर्मचारियों की भारी कमी

- कुल 28 स्थायी कर्मी ही उपलब्ध
- महम में 12 पे-रोल कर्मचारी,
- रोहतक में 42 कर्मचारी तैनात
- रोहतक में एचकेआरएन के तहत 6 कर्मचारी कार्यरत

### जानिए...फायर सेफ्टी से जुड़ीं बड़ी समस्याएं

- बढ़ती आबादी व बहुमंजिला इमारतों के बावजूद सुरक्षा मानकों की अनदेखी
- कई इमारतों में फायर एग्जिट, स्प्रिंकलर और अलार्म सिस्टम का अभाव, कई जगह केवल कागजों में ही सुरक्षा व्यवस्था दर्ज

### फायर वाहनों की स्थिति

- विभाग के पास कुल हैं कुल 11 गाड़ियां
- सांपला-महम में 1-1 बाकी रोहतक में
- कलानौर और लाखनमाजरा में एक भी गाड़ी नहीं
- कई घटनाओं में गाड़ियां समय पर नहीं पहुंच पाईं
- क्षेत्र में और अधिक फायर वाहनों की जरूरत

### जनता और कर्मचारियों की ये है चिंता

- ऊंची इमारतों में आग लगने पर हालात संभालना कठिन
- मौजूदा संसाधनों से जनहानि रोकना चुनौतीपूर्ण
- लगातार बड़े हादसे की आशंका

### सुरक्षा के लिए ये कदम जरूरी

- अत्याधुनिक फायर उपकरणों की तुरंत खरीद
- नए कर्मचारियों की भर्ती
- नियमित तकनीकी प्रशिक्षण
- सभी ऊंची इमारतों का फायर सेफ्टी ऑडिट

### हम पूरी तरह सक्षम

हम आग लगने की घटनाओं पर नियंत्रण पाने में पूरी तरह से सक्षम हैं। जो बहुमंजिला भवन बनाए जाते हैं। उन्हें फायर सेफ्टी के नियम पूरे करने होते है, इसके बाद ही एनओसी दी जाती है।
-उत्कर्ष, फायर अफसर, रोहतक

# नहर में मिला महिला का शव पहचान नहीं, हत्या का शक

**रोहतक।** कलानौर क्षेत्र में शुक्रवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब नहर में एक अज्ञात महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। शव की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर जुट गए और तुरंत बहुअकबरपुर थाना पुलिस को जानकारी दी। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) की टीम को भी बुलाया गया। टीम इंचार्ज डॉ. सरोज दहिया ने मौके पर पहुंचकर बारीकी से साक्ष्य जुटाए और जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में महिला की पहचान नहीं हो सकी है, जिससे मामला और उलझ गया है। पुलिस के अनुसार महिला मध्यम आयु की लग रही है, लेकिन उसके पास से कोई पहचान पत्र या सामान बरामद नहीं हुआ। घटनास्थल के हालात को देखते हुए पुलिस हत्या की आशंका से भी इनकार नहीं कर रही है। हालांकि, मौत के सही कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा। फिलहाल पुलिस आसपास के थानों में दर्ज गुमशुदगी की रिपोर्ट खंगाल रही है। जांच के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर रोहतक पीजीआई के शव गृह में रखवा दिया है, ताकि पहचान होने पर परिजनों को सौंपा जा सके। साथ ही पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर संभावित सुराग जुटाने में लगी है।

# नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल कैद, 12.84 लाख जुर्माना

- जुर्माना न देने पर चार साल पांच माह की अतिरिक्त सजा
- फोटो-वीडियो सोशल मीडिया पर डालने की देता था धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रोहतक की एक अदालत ने नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ और दुष्कर्म के गंभीर मामले में आरोपी को दोषी करार देते हुए कड़ी सजा सुनाई है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (एएसजे) शैलेंद्र सिंह की अदालत ने आरोपी को 20 साल के कठोर कारावास की सजा दी है। इसके साथ ही अदालत ने उस पर विभिन्न धाराओं के तहत कुल 12 लाख 84 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। यदि आरोपी यह जुर्माना अदा नहीं करता है, तो उसे चार साल पांच महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। मामले में शिकायत पक्ष की ओर से अधिवक्ता सतीश तंवर ने पैरवी की और अदालत के समक्ष ठोस साक्ष्य एवं गवाह पेश किए। अदालत ने सभी तथ्यों, गवाहों और प्रस्तुत साक्ष्यों का गहनता से परीक्षण करने के बाद आरोपी को दोषी पाया और सजा सुनाई।

### ये था मामला

मामले के अनुसार, 30 जनवरी 2024 को कलानौर क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 17 वर्षीय पीड़िता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़िता ने बताया कि वह 12वीं कक्षा पास है और आरोपी, जिसकी उम्र 33 वर्ष है और जो लाहली का निवासी है, पहले से ही प्रेम विवाह कर चुका है। इसके बावजूद उसने पीड़िता को अपने प्रेम जाल में फंसाया और उसके साथ अनैतिक संबंध बनाए। पीड़िता के अनुसार, आरोपी पिछले दो महीनों से उसे झूठे वादों और बहानों में उलझाकर उसके साथ बार-बार दुष्कर्म करता रहा। उसने बताया कि आरोपी उसे कलानौर कॉलेज मोड़ और भिवानी चुंगी जैसे स्थानों पर ले जाता था, जहां उसके साथ कम से कम पांच बार दुष्कर्म किया गया। उसके साथ अनैतिक कार्य करते हुए उसके फोटो भी ले लिए। उसने विरोध जताया तो उसे व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। वह उसके फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट करने की धमकी देता रहा और उसके रिश्तेदारों के पास भी फोटो भेज चुका है। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत अलग-अलग धाराए दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। वह तभी से न्यायिक हिरासत में बंद है। दोनों पक्षों के गवाहों और सबूतों को देखते हुए अदालत ने दोषी को सजा सुनाई है। उस पर अलग अलग धाराओं में सजा के साथ जुर्माना लगाया गया है।

# फेसबुक पर विज्ञापन के जरिए 10 लाख से अधिक की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** साइबर ठगी के एक बड़े मामले में पुलिस की साइबर थाना टीम ने कार्रवाई करते हुए गिरोह में शामिल एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया है और मामले की गहनता से जांच जारी है। थाना साइबर के प्रभारी निरीक्षक बाबूराम ने बताया कि कृपाल नगर निवासी धर्मबीर की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच में सामने आया कि 3 फरवरी को धर्मबीर ने फेसबुक पर एक कथित सरकारी निवेश योजना का विज्ञापन देखा, जिसमें 22,000 निवेश करने पर अधिक लाभ का लालच दिया गया था। विज्ञापन के झांसे में आकर उन्होंने अपनी ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर दर्ज कर दिए। इसके बाद अज्ञात व्यक्तियों ने संपर्क कर रजिस्ट्रेशन के नाम पर पैसे जमा करवाने शुरू कर दिए। "तवनीशा" नाम की महिला ने पीड़ित से पैन कार्ड की कॉपी मंगवाई और बार-बार लाभ का झांसा देकर पैसे डलवाती रही। बाद में "प्रियास मेहता" नामक व्यक्ति ने खुद को फाइनेंस मैनेजर बताकर और निवेश करने का दबाव बनाया। इस तरह पीड़ित से कुल 10,28,622 की ठगी की गई। जांच के दौरान 15 अप्रैल 2026 को पुलिस ने दिल्ली निवासी मनीष को गिरफ्तार किया, जो अपनी सिम कार्ड ठगों को इस्तेमाल के लिए उपलब्ध कराता था। मामले में विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई जारी है।

# एमडीयू में रिसर्च असिस्टेंट व फील्ड इन्वेस्टिगेटर पदों के मांगे आवेदन

- अधिकतम 12 महीने होगी दोनों पदों की अवधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय के चौ. रणबीर सिंह सामाजिक एवं आर्थिक परिवर्तन संस्थान में हरियाणा में पीढ़ियों के बीच संबंधों के बदलते स्वरूप जिम्मेदारी और मूल्य हस्तांतरण विषयक शोध परियोजना के तहत रिसर्च असिस्टेंट एवं फील्ड इन्वेस्टिगेटर के पदों पर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

चौ. रणबीर सिंह सामाजिक एवं आर्थिक परिवर्तन संस्थान के निदेशक प्रो. संदीप मलिक ने बताया कि रिसर्च असिस्टेंट के लिए सोशल साइंस में न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ पोस्ट ग्रेजुएट एवं नेट/एम.फिल/पीएचडी अनिवार्य है। वहीं फील्ड इन्वेस्टिगेटर पद के लिए 55 प्रतिशत अंकों के साथ पोस्ट ग्रेजुएट योग्यता आवश्यक है। दोनों पदों की अवधि अधिकतम 12 माह होगी।

### 37,000 और 20,000 रुपये प्रतिमाह मानदेय

रिसर्च असिस्टेंट को 37,000 रुपये तथा फील्ड इन्वेस्टिगेटर को 20,000 रुपये प्रतिमाह मानदेय दिया जाएगा। चयन प्रक्रिया व्यक्तिगत साक्षात्कार के आधार पर होगी। आवेदन की अंतिम तिथि 24 अप्रैल शाम 5 बजे तक निर्धारित की गई है। साक्षात्कार 27 अप्रैल सुबह 11 बजे स्वराज सदन भवन, एमडीयू में आयोजित किया जाएगा।



## खबर संक्षेप



### मस्जिद बनाने पर एतराज भाजपा ने दिया ज्ञापन

**महम।** कस्बा महम में एक नई मस्जिद का निर्माण किया गया है। इसको लेकर भाजपा के कुछ कार्यकर्ताओं को ऐतराज है और इसके निर्माण को लेकर जांच की मांग की गई है। भाजपा नेता अजीत अहलावत और पार्टी के कुछ कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार को एक ज्ञापन सौंपा है। यह ज्ञापन राज्यपाल के नाम दिया गया है। जिसमें उन्होंने राज्यपाल से मस्जिद निर्माण के कार्य की जांच की गई है। अजीत अहलावत का कहना है कि अल्पसंख्यक लोग इस तरह बिना अनुमति के मस्जिद का निर्माण कैसे कर सकते हैं। इस मौके पर सीएम विंडो एमीनेंट पर्सन जसमेर सिंह, कृष्ण पंवार, मंगल ढाका, जयप्रकाश अहलावत व नन्हा समेत कई गणमान्य लोग विशेष तौर पर मौजूद थे।

### यूआईईटी के 10 विद्यार्थियों का हुआ प्लेसमेंट

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के यूआईईटी के सिविल व मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के 10 छात्रों का मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर्स लिमिटेड में प्लेसमेंट हुआ है। इनमें साहिल, आशीष, अशफाक मदुदी, निश्चय शर्मा, मोहित चंद्रा, मोहम्मद आफताब, गौरव, नितिन पांचाल, अबरार और जतिन शामिल हैं। कैंपस प्लेसमेंट प्रक्रिया में 20 छात्रों ने भाग लिया, जिसमें लिखित परीक्षा, तकनीकी व एचआर इंटरव्यू शामिल थे। चयनित छात्रों ने अपने तकनीकी ज्ञान और कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

## समाधान शिविर में सामने आया सरकारी दावों का सच, लोगों ने खुलकर रखी अपनी पीड़ा

# बैंक ने प्रीमियम तो काटा, पर मृत्यु के बाद उम्र ज्यादा बताकर क्लेम देने से कर दिया इनकार

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

रोहतक के लघु सचिवालय में वीरवार को आयोजित समाधान शिविर एक बार फिर आमजन की समस्याओं का आईना बन गया। बीमा क्लेम, पेंशन और विभागीय भुगतान से जुड़े मामलों को लेकर पहुंचे लोगों ने अपनी पीड़ा खुलकर रखी। कई फरियादी ऐसे थे, जो लंबे समय से दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन अब तक उन्हें राहत नहीं मिल सकी। किसी का बीमा क्लेम अटका है, तो कोई पेंशन बंद होने की आशंका से परेशान है, वहीं कई लोग भुगतान न मिलने से आर्थिक संकट झेल रहे हैं। इन हालात ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली और समाधान की गति पर सवाल खड़े कर दिए हैं। हालांकि शिविर का उद्देश्य त्वरित निपटारा है, लेकिन बार-बार वही शिकायतें सामने आना सुधार की जरूरत को दर्शाता है। लोगों को उम्मीद है कि प्रशासन उनकी समस्याओं का जल्द समाधान करेगा।




### सालाना आय बढ़ाकर बंद कर दी पेंशन



सुखपुरा चौक के राजकुमार दिव्यांग हैं, ये भी समाधान शिविर में पहुंचे हैं। इनका कहना है कि पेंशन से ही वह दो वक्त की रोटी खा रहा है। लेकिन फेमिली आईडी में मेरी वार्षिक आमदनी 3 लाख रुपये कर दी है। इसलिए अब कभी भी पेंशन सरकार बंद कर देगी। इसलिए मेरी आय 40 हजार रुपये प्रतिवर्ष की जाए। ताकि मेरी पेंशन बंद न हो।

### ...तो प्रीमियम ही क्यों काटा



प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत गोपालपुर हिसार रोड की संतोष ने बताया कि उनके पति रमेश की मृत्यु 30 जुलाई 2024 को हो गई। पति का यूको बैंक में खाता था। बैंक ने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का प्रीमियम बैंक ने खाते से काट लिया। लेकिन उनकी मृत्यु के बाद बैंक प्रबंधन क्लेम देने से मना कर रहा है। संतोष ने कहा कि बैंक अधिकारी कह रहे हैं कि उनकी पति की उम्र ज्यादा थी। इसलिए बीमा की राशि नहीं मिल सकती है। इस पर संतोष का कहना था कि तो फिर बैंक ने प्रीमियम क्यों खाते से काटा।

- उम्मीद और हताशा के बीच झूल रहे लोग
- हर नई तारीख छोड़ जाती है अधूरी आस
- कागजों में तेज, जमीनी स्तर पर सुस्त चाल

### सेवानिवृत्त हेडमास्टर से कहा- सोमवार को दफ्तर आकर मिलें



रिठाल के सरकारी स्कूल से 31 मार्च 2022 को सेवानिवृत्त हुए मुख्याध्यापक धर्मवीर सैनी पिछले लंबे समय से अपने ही पैसे के भुगतान के लिए विभागों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। वे 2 अगस्त 2024 से लगातार समाधान शिविर में अपनी फरियाद रख रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं हुआ। सैनी ने बताया कि दिसंबर 2019 में राजीव गांधी खेल परिसर में आयोजित अंडर-17 राष्ट्रीय खेलों के दौरान खिलाड़ियों के भोजन के लिए उन्होंने एक गैस एजेंसी से 20 सिलेंडर लिए थे। उस समय उन्होंने एजेंसी को 30 हजार रुपये का निजी चेक दिया और स्पष्ट कहा कि विभाग से भुगतान होने पर वह चेक वापस ले लेंगे। लेकिन शिक्षा विभाग द्वारा भुगतान में देरी होने के कारण एजेंसी ने उनका चेक भुना लिया। तब से लेकर आज तक वे शिक्षा विभाग से अपने 30 हजार रुपये वापस पाने के लिए भटक रहे हैं, परंतु कोई सुनवाई नहीं हो रही। इस मामले में डीईओ मनजीत मलिक बोले, 'सेवानिवृत्त मुख्याध्यापक धर्मवीर सैनी 20 अप्रैल सोमवार को मेरे से आकर मिलें। ये बकाया पैसा मेरे कार्यकाल से पहले का है। फिर भी मैं कोशिश करूंगी कि उनके पैसों का भुगतान हो।'

### ध्यान दें अफसर

समाधान शिविर में अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर शिकायत का समयबद्ध और प्रभावी निपटारा हो। उन्होंने विभागों को नागरिकों से सीधे संवाद कर संतुष्टि सुनिश्चित करने को कहा। शिविर में आरटीए सचिव वीरेंद्र सिंह ढुल, संयुक्त आयुक्त नमिता सिंह व डीएसपी दलीप सिंह मौजूद रहे। एडीसी ने लंबित व दोबारा आई शिकायतों पर विशेष ध्यान देने और स्थायी समाधान करने के निर्देश दिए।

**-नरेंद्र कुमार,** अतिरिक्त उपायुक्त

## सेवा सुरक्षा सप्ताह में छात्रों को अग्निशमन पर दी विस्तृत जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

राजकीय महाविद्यालय महम में प्राचार्य की अगुवाई में अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. सत्यव्रत सोलंकी ने विद्यार्थियों को अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा विभाग के दो अधिकारी राजीव नेहरा एलएफएम तथा दीपक कुमार फायर ऑपरेटर ने भाग लिया। दोनों अधिकारियों ने छात्रों को आग लगने की स्थिति में खुद की एवं दूसरों की सुरक्षा के उपायों के बारे में विस्तार से समझाया।



## डेटा साइंस व एम्बेडेड सिस्टम कार्यशाला में तकनीकी कौशल बढ़ाने पर दिया बल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय के पं. दीनदयाल उपाध्याय कौशल एवं व्यावसायिक शिक्षा केंद्र द्वारा सॉफकॉन इंडिया प्रा लिमिटेड नई दिल्ली के सहयोग से एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यशाला यूआईईटी के सीएसई ब्लॉक में डेटा साइंस तथा ईसीई ब्लॉक में एम्बेडेड सिस्टम विषयों पर आयोजित की गई। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में केंद्र के निदेशक प्रो. युद्धवीर सिंह ने विद्यार्थियों को भविष्य उन्मुख तकनीकी कौशल विकसित करने, डिजिटल प्रवीणता बढ़ाने तथा उद्योग की बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप स्वयं को तैयार करने की आवश्यकता पर बल दिया।

# डिजिटल जनगणना शुरू : घर बैठे दर्ज करा सकेंगे अपनी जानकारियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि भारत सरकार की जनगणना 2027 एक नई डिजिटल पहल के साथ शुरू हो गई है। इसके तहत 16 से 30 अप्रैल 2026 तक नागरिकों को घर बैठे स्वयं अपनी जानकारी दर्ज करने की सुविधा दी गई है। अब लोग निर्धारित सरकारी पोर्टल के माध्यम से सरलता से अपनी जानकारी भर सकते हैं, जिससे आंकड़ों की शुद्धता और कार्य की गति दोनों में सुधार होगा। उन्होंने बताया कि इसके बाद 1 मई से 30 मई तक आवास सूचीकरण का कार्य होगा, जिसमें गणनाकर्ता घर-घर जाकर जानकारी का सत्यापन करेंगे। अंतिम चरण फरवरी 2027 में पूरा किया जाएगा। पहली बार यह पूरी प्रक्रिया डिजिटल माध्यम से हो रही है, जिससे नागरिक मोबाइल या कंप्यूटर के जरिए अपनी जानकारी आसानी से दर्ज कर सकेंगे। जानकारी जमा करने के बाद एक विशिष्ट पहचान संख्या प्राप्त होगी, जिसे सत्यापन के समय दिखाना होगा।

### स्व-गणना प्रक्रिया सरल

नागरिक निर्धारित पोर्टल पर जाकर अपने मोबाइल नंबर के माध्यम से पंजीकरण करें, अपने निवास स्थान को मानचित्र पर चिन्हित करें और परिवार के सभी सदस्यों की जानकारी दर्ज करें। इसमें आवास की स्थिति, सुविधाएं और सामाजिक-आर्थिक जानकारी शामिल होगी। अंत में जानकारी की जांच कर उसे जमा करें और प्राप्त पहचान संख्या सुरक्षित रखें। इस प्रक्रिया में परिवार की संरचना, आवास की स्थिति, पानी, स्वच्छता, बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं, शिक्षा और सामाजिक-आर्थिक स्थिति से जुड़े लगभग 33 प्रश्न शामिल हैं। ये आंकड़े भविष्य की कल्याणकारी योजनाओं, आधारभूत ढांचे के विकास और संसाधनों के बेहतर उपयोग के लिए महत्वपूर्ण साबित होंगे।

### तैयारियां पूरी



उपायुक्त ने बताया कि जनगणना के सुचारू संचालन के लिए जिले में व्यापक तैयारियां की गई हैं। प्रशिक्षित गणनाकर्ता और पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। सहायता के लिए टोल-फ्री सेवा भी उपलब्ध रहेगी, जहां नागरिक अपनी शंकाओं का समाधान प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे इस महत्वपूर्ण अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं, क्योंकि यही आंकड़े भविष्य की योजनाओं का आधार बनेंगे।

### सरकार ने जनगणना से जुड़ी खामियां सुधारने के दिए निर्देश

**रोहतक।** जनगणना की तैयारियों के बीच एचएलबीसी पोर्टल पर हाउस लिस्टिंग ब्लॉक (एचएलबी) में सामने आई खामियों को दूर करने के निर्देश सरकार ने दिए हैं। केवल एक तकनीकी प्रक्रिया नहीं, बल्कि आमजन की रोजमर्रा की सुविधाओं से सीधे जुड़ा अहम कदम है। जारी निर्देशों के बाद अब इन त्रुटियों को प्राथमिकता के आधार पर ठीक करने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। हाल ही में पोर्टल पर तैयार किए गए हाउस लिस्टिंग ब्लॉक की समीक्षा में कई स्थानों पर मामूली ओवरलैपिंग और कुछ क्षेत्रों में डाटा की कमी सामने आई थी। देखने में ये छोटी खामियां लग सकती हैं, लेकिन इनका असर बड़ा होता है। दरअसल, जनगणना का डाटा ही भविष्य में सरकारी योजनाओं, पेंशन, राशन, आवास और आधारभूत सुविधाओं की योजना बनाने की नींव होता है। ऐसे में यदि किसी क्षेत्र का डाटा गलत या अधूरा रह जाता है, तो वहां के लोगों को योजनाओं का पूरा लाभ नहीं मिल पाता।

### क्षेत्रवार जांच होगी

यही वजह है कि प्रशासन ने इन खामियों पर अधिकारियों और कर्मचारियों को तुरंत सुधार के निर्देश दिए हैं। निर्देशों के अनुसार, एचएलबीसी पोर्टल पर उपलब्ध चार्ज मैप के माध्यम से क्षेत्रवार जांच की जाएगी। जहां कहीं ओवरलैपिंग या डाटा में चूक नजर आएगी, उसे एडमिन या अधिकृत यूजर आईडी से लॉग इन कर ठीक किया जाएगा।

### कार्य में लाएं तेजी

प्रशासन ने इस कार्य में तेजी लाने के लिए तकनीकी सहायकों और चार्ज क्लर्क की मदद लेने के निर्देश भी दिए हैं। फील्ड स्तर पर काम करने वाले कर्मचारियों और तकनीकी टीम के बीच तालमेल को इस प्रक्रिया की सफलता की कुंजी माना जा रहा है। इससे न केवल त्रुटियों की पहचान आसान होगी, बल्कि उनका समाधान भी तेजी से किया जा सकेगा।

### लापरवाही बर्दाश्त नहीं

सरकार ने साफ किया है कि इस कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और समय पर सुधार न होने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। बल्कि इसका सीधा असर हर नागरिक तक पहुंचता है। सही डाटा का मतलब है सही योजना, और सही योजना का मतलब है लोगों तक सुविधाओं की बराबर और समय पर पहुंच।

## पदयात्रा में अधिनियम संबंधी प्लेकार्ड लेकर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत जिला में नारी शक्ति वंदन पदयात्रा निकाली गई, जिसमें महिलाओं ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम से संबंधित श्लोगनों से युक्त प्ले कार्ड लेकर शहर वासियों को अभियान बारे जागरूक किया।

प्रदेश के संगठन महामंत्री फणींद्र नाथ शर्मा, महंत कालीदास महाराज,प्रदेश सचिव एवं पदयात्रा की संयोजिका रेणु डाबला, प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल, जिला अध्यक्ष एडवोकेट रणवीर सिंह ढाका, प्रदेश मीडिया सहप्रभारी शमशेर खरक ने पदयात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रदेश के संगठन महामंत्री फणींद्र नाथ शर्मा ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित करवाने के लिए महिलाओं द्वारा पदयात्रा के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। सरकार द्वारा इस अधिनियम को वर्ष 2029 में लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में लागू करवाने के उद्देश्य से संसद का विशेष सत्र बुलाया गया है। यह पदयात्रा स्थानीय अंबेडकर चौक से शुरू होकर सोनीपत स्टैंड, सोनीपत रोड, शीला बाईपास होते हुए चौधरी छोटूराम स्टेडियम में संपन्न हुई।

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रति फैलाई जागरूकता, शहरवासियों को दिया संदेश



**रोहतक।** नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत शहर में पदयात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों महिलाओं ने भाग लेकर नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश दिया। महिलाओं ने हाथों में स्लोगन युक्त प्लेकार्ड लेकर शहरवासियों को इस अभियान से जोड़ा। पदयात्रा को प्रदेश के संगठन महामंत्री फणींद्र नाथ शर्मा, महंत कालीदास महाराज, भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल, जिला अध्यक्ष एडवोकेट रणवीर सिंह ढाका, प्रदेश मीडिया सहप्रभारी शमशेर खरक, संयोजिका रेणु डाबला और दीपक निवास हुड्डा ने झंडी दिखाकर रवाना किया। फणींद्र नाथ शर्मा ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित होने पर महिलाओं ने पदयात्रा के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## 33% आरक्षण के प्रति स्वयंसेवकों और विद्यार्थियों को किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

साक्षी मलिक राजकीय महाविद्यालय, मोखरा के तत्वाधान में कॉलेज के सेमिनार हॉल में एसएस यूनिट-1 और यूनिट-2 के स्वयंसेवकों द्वारा 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' विषय पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मीनू नैन ने की। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को मिलने वाले 33 प्रतिशत आरक्षण के प्रति स्वयंसेवकों और विद्यार्थियों को जागरूक करना था। इस अवसर पर मानव सीरीज़ बना कर समाज में जाग्रति लाने का प्रयास किया।

**कार्यक्रम** 'तरंग-2026' बन रहा सशक्तिकरण का संगम, महंत बालकनाथ ने बेटियों की निःशुल्क शिक्षा का किया ऐलान

# शिक्षा केवल रोजगार का माध्यम नहीं, जीवन बदलने वाली शक्ति

- कार्यक्रम में विद्यार्थियों की रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय अस्थल बोहर में आयोजित "तरंग-2026" सांस्कृतिक नवाचार छात्रशक्ति महोत्सव इस वर्ष शिक्षा, संस्कृति और तकनीकी सशक्तिकरण का प्रेरणादायक संगम बनकर उभरा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की रचनात्मकता और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला, वहीं कुलाधिपति महंत बालकनाथ योगी की घोषणाओं ने आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। समारोह के दौरान विश्वविद्यालय परिवार ने महंत बालकनाथ योगी का भव्य स्वागत किया तथा सत्र 2026-27 की नई प्रॉस्पेक्टस का विधिवत अनावरण किया गया। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल रोजगार का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन को दिशा देने वाली शक्ति है। उन्होंने बेटियों की शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए घोषणा की कि विश्वविद्यालय के नॉन-प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों में छात्राओं को निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाएगी, ताकि कोई भी बेटी आर्थिक कारणों से शिक्षा से वंचित न रहे। इसके साथ ही विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क बस सेवा शुरू करने की भी घोषणा की गई। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मेधावी विद्यार्थियों को निःशुल्क लैपटॉप वितरण रहा। महंत बालकनाथ योगी ने स्वयं विद्यार्थियों को लैपटॉप प्रदान किए, जिससे डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा मिला और छात्रों में उत्साह देखा गया। उन्होंने भविष्य की योजनाओं का भी उल्लेख करते हुए बताया कि विश्वविद्यालय में शीघ्र ही एक हजार बेड का अत्याधुनिक अस्पताल और मेडिकल कॉलेज स्थापित किया जाएगा। साथ ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से युक्त बीटेक लैब, आधुनिक डिजिटल लाइब्रेरी, मोबाइल ऐप तथा नए हॉस्टल निर्माण की भी घोषणा की गई। कार्यक्रम में पूर्व न्यायाधीश गिरीश गुप्ता ने विश्वविद्यालय की परंपरा और शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। समारोह में शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों और शिक्षकों को सम्मानित किया गया। अंत में कुलपति डॉ. बीएम यादव ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया, जबकि मंच संचालन प्रोफेसर पवन जलवाल ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, शिक्षक और गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

## न्यूज डॉयरी

### इंडस की मानसी का परिणाम शानदार



**सांपला।** सांपला वार्ड नंबर-11 की निवासी एवं इंडस स्कूल, रोहतक की छात्रा मानसी ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 98.8 प्रतिशत अंक हासिल कर सांपला क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस शानदार उपलब्धि से परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। मानसी के पिता नरेंद्र ने बताया कि उसकी सफलता के पीछे कड़ी मेहनत, नियमित पढ़ाई और अनुशासन की अहम भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि मानसी शुरू से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर रही है, जिसका परिणाम आज सभी के सामने है। मानसी की इस उपलब्धि पर रिश्तेदारों, मित्रों और क्षेत्रवासियों द्वारा लगातार बधाइयों का तांता लगा हुआ है। लोगों ने इसे क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण बताया है। इस अवसर पर पूर्व पार्षद मनोज और उनके दादा राजू फौजी ने मानसी को शुभकामनाएं देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि मानसी की मेहनत और लगन अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का काम करेगी।

### एचडी स्कूल के हर्षित ने सीबीएसई दसवीं की परीक्षा में हासिल किए 98.6% अंक

**महम।** खेड़ी महम गांव स्थित एचडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल का सीबीएसई दसवीं कक्षा का वार्षिक परीक्षा परिणाम शानदार रहा है। स्कूल प्राचार्य शालिनी गुप्ता ने बताया कि कक्षा दसवीं में हर्षित ने 98.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर महम में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। गरिमा ने 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान अर्जित किया। सुप्रिया ने 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। प्राची ने 96.4 प्रतिशत अंक के साथ चौथा स्थान हासिल किया है। कक्षा दसवीं में 27 बच्चों ने मेरिट में स्थान बनाया। 14 बच्चे 90 प्रतिशत से ज्यादा पर रहे। वहीं 8 बच्चों ने 95 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त किए। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। स्कूल प्रबंधन ने मैरिट में आने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी है।

### आर्य स्कूल मदीना का दसवीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत, सोनाक्षी प्रथम

**महम।** आर्य स्कूल मदीना के विद्यार्थियों ने सीबीएसई बोर्ड की दसवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। छात्रा सोनाक्षी कुमारी ने 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। इसके अतिरिक्त साक्षी ने 95.6 प्रतिशत और हर्षिता ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। स्कूल के 16 अन्य विद्यार्थियो ने 90 प्रतिशत और 28 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करते स्कूल और अपने गांव का नाम रोशन किया है। विद्यालय के शिक्षकों व विद्यालय प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियो को उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी है। कहा कि यह सब विद्यार्थियो की मेहनत और समर्पण के साथ-साथ अध्यापकों की कड़ी मेहनत और मार्गदर्शन का परिणाम है।

### वन हेल्थ पर रिफ्रेशर कोर्स में संपूर्ण देश से 160 प्रतिभागियों ने लिया भाग

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के मानव संसाधन विकास केंद्र (एमएमटीटीसी) में वन हेल्थ की प्राप्ति हेतु सहयोगात्मक शैक्षणिक एवं शोध अवसर विषय पर रिफ्रेशर कोर्स संपन्न हुआ। ब्लेंडेड मोड में आयोजित इस कार्यक्रम में देश के 16 से अधिक राज्यों से 160 प्रतिभागियों ने भाग लिया। विशेषज्ञों ने मानव, पशु और पर्यावरणीय स्वास्थ्य के आपसी संबंधों पर जोर देते हुए उभरती बीमारियों व पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने के लिए संयुक्त शोध और बहु-विषयक दृष्टिकोण को जरूरी बताया। समापन सत्र में डॉ. एस.के. काबरा, डॉ. मल्लिका लवानिया व डॉ. निताशा ने स्वास्थ्य विषयों पर अहम जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन प्रो. मुनीष गर्ग के मार्गदर्शन में हुआ। समापन समारोह में हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद के उपाध्यक्ष प्रो. एस.के. गक्खड़ मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कार्यक्रम की प्रासंगिकता की सराहना की। अंत में डॉ. समंदर कौशिक ने धन्यवाद ज्ञापित किया। डिप्टी डायरेक्टर डॉ माधुरी हुड्डा ने कार्यक्रम समन्वयन सहयोग दिया।

### आदर्श स्कूल मदीना का शत-प्रतिशत रहा सीबीएसई की 10वीं कक्षा का परिणाम



**महम।** सीबीएसई द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल मदीना के छात्रों का प्रदर्शन प्रशंसनीय रहा। विद्यालय की छात्रा देविका 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान पर रही तथा गरिमा 94.4 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय रही। कुल 17 छात्रों ने वरीयता सूची में स्थान प्राप्त किया। हिंदी विषय में अधिकतम अंक 99, गणित में 99, सामाजिक विज्ञान में 94, आईटी में 97 तथा अंग्रेजी में 93 अधिकतम रहे। विद्यालय की प्रधानाचार्या मंजूलता ने अध्यापकों एवं छात्रों के साथ-साथ अभिभावकों को भी बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि सबके मिश्रित प्रयास से ही यह सब संभव होता है।

### एमडीयू में आत्मजागृति : खुशियों भरा पथ पुस्तक का विमोचन किया



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के विवेकानंद पुस्तकालय में डॉ. अजीत सिंह राणा की पुस्तक आत्मजागृतिः खुशियों भरा पथ का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षाविदों, साहित्यकारों व विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि पूर्व कुलपति प्रो. एल. एन. दहिया ने कहा कि यह पुस्तक समाज में आध्यात्मिक जागृति को बढ़ावा देगी और नैतिक शिक्षा के सुदृढ़ीकरण में सहायक होगी। उन्होंने कहा कि भौतिक प्रगति के साथ आत्मजागृति का संतुलन आवश्यक है। पूर्व कुलपति प्रो. जे.पी. यादव ने कहा कि पुस्तक सकारात्मक सोच के माध्यम से जीवन की कठिनाइयों को दूर करने का संदेश देती है। हिंदी विभाग की पूर्व अध्यक्ष डॉ. रामरती ने कहा कि सच्ची खुशी आत्मिक जागृति में निहित है। हिंदी विभाग की पूर्व अध्यक्ष डॉ. रामरती ने अपने विचार रखते हुए कहा कि सच्ची खुशी बाहरी साधनों में नहीं, बल्कि आत्मा की जागृति और आंतरिक संतुलन में निहित होती है।लेखक डॉ. अजीत सिंह राणा ने बताया कि स्थायी खुशी श्रेष्ठ कर्म, मेडिटेशन और ईश्वरीय ज्ञान से मिलती है। कार्यक्रम में पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. सतीश मलिक ने अतिथियों का स्वागत किया व डॉ. सीमा ने मंच संचालन किया।




### नारी शक्ति वंदन अधिनियम में महिलाओं को राजनीतिक अधिकारों पर दी जानकारी

**रोहतक।** राजकीय महिला महाविद्यालय लाखन माजरा में भारत सरकार द्वारा पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम अभियान के प्रति समर्थन प्रदर्शन हेतु पदयात्रा का आयोजन एनएसएस और महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। प्राचार्या इंदु सपरा के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित पदयात्रा का उद्देश्य महिला सशक्तिकरण व भारत सरकार द्वारा आयोजित अधिनियम के संदर्भ में जागरूकता फैलाना व समर्थन जुटाना रहा है। उन्होंने इस अधिनियम के पारित होने का जश्न मनाने और महिलाओं को उनके राजनीतिक अधिकारों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। महाविद्यालय के सभी स्टाफ सदस्यों व छात्राओं ने इस पदयात्रा में भाग लिया और लोकसभा में महिला प्रतिनिधित्व वृद्धि से संबंधित अधिनियम के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया।

# ईस्माइला 9बी और गांधरा में अवैध कॉलोनियों पर चला बुलडोजर, 42 एकड़ में की कार्रवाई

**प्रशासन अवैध निर्माण और कॉलोनियों के खिलाफ सख्त कदम उठा रहा**

**जिला नगर योजनाकार कार्यालय की अपील निवेश के पहले संबंधित जानकारी जरूर लें**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



जिला प्रशासन ने अवैध निर्माण और कॉलोनियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए गांव ईस्माइला 9बी और गांधरा में बड़े पैमाने पर तोड़-फोड़ अभियान चलाया। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि करीब 42 एकड़ क्षेत्र में विकसित की जा रही तीन अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई करते हुए कच्चा और पक्का रोड नेटवर्क, 12 नींव और एक निर्माण को ध्वस्त किया गया। उन्होंने कहा कि नियंत्रित और शहरी क्षेत्रों में अवैध निर्माण को किसी भी सूरत में पनपने नहीं दिया जाएगा। अभियान के दौरान जिला नगर योजनाकार कार्यालय की टीम और पर्याप्त पुलिस बल मौजूद रहा, जिससे पूरी कार्रवाई शांतिपूर्वक संपन्न हुई। डीसी ने स्पष्ट किया कि अवैध कॉलोनियों के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने नागरिकों को सावधान करते हुए कहा कि अपनी मेहनत की कमाई अवैध प्लॉट या कॉलोनियों में निवेश न करें, क्योंकि प्रशासन समय-समय पर ऐसी जगहों पर कार्रवाई करता रहेगा।

जिला नगर योजनाकार कार्यालय की ओर से भी लोगों से अपील की गई है कि किसी भी संपत्ति में निवेश करने से पहले संबंधित कार्यालय से जानकारी अवश्य लें, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## खबर संक्षेप

### मॉडल स्कूल, सांपला का शानदार रिजल्ट



**रोहतक।** बेरी रोड स्थित मॉडल स्कूल सांपला के विद्यार्थियों ने सीबीएसई कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। विद्यालय के मेधावी छात्रों में पार्थ ने 491 अंक (98.2%) प्राप्त कर प्रथम, छवि ने 477 अंक (95.4%) के साथ द्वितीय स्थान, जबकि इशिका और गुनगुन ने 475 अंक (95%) के साथ संयुक्त रूप से तृतीय और यशिका व भविष्य ने 469 अंक (93.8%) के साथ चतुर्थ स्थान पर रही। गणित में पार्थ ने 100 में से 100 अंक प्राप्त किए, जबकि सामाजिक विज्ञान में अवनी, इशिका और पार्थ ने 99 अंक हासिल किए। मॉडल एजुकेशन सोसाइटी अध्यक्ष सचिन गुप्ता व प्रधानाचार्या नोमिता ने बधाई दी।

### जन सेवा संस्थान, परिणाम शत-प्रतिशत



**रोहतक।** मेहनत और पक्के इरादे के सामने गरीबी कभी बाधा नहीं बनती, इसे सच कर दिखाया है जन सेवा संस्थान द्वारा संचालित निःशुल्क पब्लिक स्कूल की छात्रा अक्षरा ने। सीबीएसई द्वारा घोषित 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में स्कूल का प्रदर्शन न केवल शानदार रहा, बल्कि शत-प्रतिशत रहा है। स्कूल की छात्रा अक्षरा, जिनके सिर से पिता का साया उठ चुका है, उन्होंने विपरीत परिस्थितियों को पीछे छोड़ते हुए 96.2% अंक हासिल कर विद्यालय में प्रथम रही। विद्यालय के कुल 48 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी और सभी गौरवपूर्ण तरीके से प्रथम श्रेणी ) में उत्तीर्ण हुए हैं। अक्षरा ने 96.2% अंक (प्रथम स्थान), अंश ने 93.4% अंक (द्वितीय स्थान) हासिल किया।

### ग्रीनलैंड स्कूल का शानदार प्रदर्शन



**रोहतक।** ग्रीनलैंड स्कूल दतौड़ के 10वीं के बच्चों ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत परिणाम हासिल किया। कुल 51 बच्चों ने परीक्षा दी। विद्यालय के मोहित (सांपला) ने 96.2% अंक के साथ प्रथम, ज्योति (दतौड़) 94.6% अंक के साथ द्वितीय जबकि कनिका (गांधरा) ने 90% अंक के साथ तृतीय स्थान पर रही। अंग्रेजी में मोहित ने 97 अंक प्राप्त किए, जबकि हिंदी में ज्योति और कनिका ने 95 अंक हासिल किए। गणित में ज्योति ने 98 अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। 10 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक तथा 20 विद्यार्थियों ने 80% से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय की सफलता में योगदान दिया। विद्यालय निदेशक अत्तर सिंह कौशिक एवं सहनिर्देशिका संतोष कौशिक ने विद्यार्थियों और स्टाफ को बधाई दी।

### केवीएम स्कूल का शानदार परिणाम



**रोहतक।** केवीएम स्कूल की कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम इस वर्ष शत-प्रतिशत रहा। कुल 51 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी और सभी सफल हुए। परिणाम में स्नेहा ने 97% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। रिया हुड्डा और आदित्य ने 95% अंक के साथ संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि ईशा (94%) और गौरव (93%) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा 7 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त कर सराहनीय उपलब्धि हासिल की। अन्य विद्यार्थियों में गौरव, पारुल, शिवम सैनी, तान्या व गौरव दुल्हन सहित कई छात्रों ने 80% से अधिक अंक प्राप्त कर अच्छा प्रदर्शन किया। डायरेक्टर कर्मवीर मायना, प्राचार्या मीना कौशिक सहित समस्त स्टाफ ने बच्चों को बधाई दी।

### महेंद्रा मॉडल स्कूल का उत्कृष्ट परिणाम



**रोहतक।** महेंद्रा मॉडल स्कूल का कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम इस वर्ष उत्कृष्ट रहा। विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। परीक्षा परिणाम में आकाश ने 95% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। ऋषभ ने 93.2% अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि सृष्टि ने 93% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। विषयवार प्रदर्शन में पुनीत ने गणित में 99% अंक प्राप्त किए, वहीं ऋषभ ने सामाजिक विज्ञान (एसएस) में 97% अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। 9 बच्चों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 19 विद्यार्थियों ने 80% से अधिक अंक हासिल कर विद्यालय की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। विद्यालय की निदेशिका अनु सिंह ने सभी छात्र-छात्राओं को उत्कृष्ट परिणाम के लिए बधाई दी।

कोटा, चंडीगढ़, दिल्ली के बाद अब रोहतक में भी स्पेशल कोचिंग
IIT-JEE | NEET | NDA
6th to 12th Class & Board
ADMISSION OPEN
Get Direct Scholarship For JEE/NEET Courses Based On 10th CBSE Board 2026 Result
DIRECT SCHOLARSHIP
PERCENTAGE | SCHOLARSHIP
Above 95% | 100%
85% - 94% | 95%
70% - 84% | 80%
1 WEEK FREE TRIAL CLASS BEFORE ADMISSION
Day Boarding Classes for 6th to 12th
KOTA CLASSES
144-L Model Town Near CR Polytechnic College, Rohtak M. 97285-44433

## वार्ड-7 में विकास कार्यों का हुआ शुभारंभ एवं उद्घाटन



**रोहतक।** नगर निगम महापौर रामअवतार वाल्मिकी ने बताया कि नगर निगम द्वारा वार्ड-7 के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत शुभारंभ एवं उद्घाटन वार्ड सदस्य की उपस्थित में नारियल फोड़कर किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत किल्ला मोहल्ला स्थित धानक समाज की धर्मशाला में लगभग 20 लाख रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्य के शुभारंभ से हुई, नारियल फोड़कर इस कार्य की नींव रखी गई। इस विकास कार्य से क्षेत्र में सामुदायिक सुविधाओं को मजबूती मिलेगी तथा स्थानीय नागरिकों को बेहतर आधारभूत ढांचा उपलब्ध होगा। इसके उपरांत गोहाना अड्डा क्षेत्र में निर्मित सार्वजनिक शौचालय का उद्घाटन किया गया, इस सुविधा के शुरू होने से क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा तथा आमजन, विशेषकर राहगीरों एवं व्यापारियों को बड़ी राहत मिलेगी। नगर निगम महापौर रामअवतार वाल्मिकी ने बताया कि वार्ड के सबसे मुख्य कार्य सती भाई साईं दास धर्मशाला के सामने से गोहाना अड्डा, टी.बी. हास्पिटल होते हुए सुखपुरा चौक तक नए नाले के निर्माण कार्य का भी शुभारंभ नारियल तोड़कर किया गया।

## नेकीराम कॉलेज की लाइब्रेरी की छत गिरने से दो छात्राएं घायल

**एसएफआई ने प्रशासन के खिलाफ खोला मोर्चा**

**रोहतक।** पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय में गुरुवार को हादसा होते-होते टला। कॉलेज की लाइब्रेरी में डीएमसी लेने आई छात्राओं के ऊपर अचानक छत का लेंटर गिर गया, जिससे दो छात्राएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। इस घटना के बाद कैंपस में छात्रों में भारी रोष देखने को मिला। सुबह करीब 11:00 बजे कुछ छात्राएं लाइब्रेरी में मार्कशीट लेने पहुंची थीं। इसी दौरान जर्जर हो चुकी छत का एक हिस्सा भरभरा कर छात्राओं पर गिर गया। हादसे में एक छात्रा के सिर और चेहरे पर गहरी चोटें आई हैं, जबकि उसकी एक सहेली के हाथ-पैरों में गंभीर चोटें लगी हैं। स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) की नेकीराम इकाई ने मौके पर पहुंचकर विरोध जताया। एसएफआई के जिला सचिव अमित पिलाना ने कॉलेज प्रशासन और हरियाणा सरकार की कड़ी निंदा की। पिछले दो सालों से हम लगातार विधायक भारत भूषण बत्रा और मंत्रियों को ज्ञापन सौंप रहे हैं, लेकिन जर्जर बिल्डिंग की सुध लेने वाला कोई नहीं है। छात्रों का कहना है कि कॉलेज की बिल्डिंग काफी समय से खतरनाक स्थिति में है।

## 2.30 लाख की ठगी, पांचवां आरोपी काबू

**रोहतक।** साइबर ठगी के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पॉलिसी के नाम पर 2 लाख 30 हजार की धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के पांचवें आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया है। प्रभारी थाना साइबर निरीक्षक बाबूराम ने बताया कि गद्दी खेड़ी निवासी रामदास की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू की गई। 23 मार्च को रामदास के पास एक कॉल आई, जिसमें कॉल करने वाले ने खुद को पीएनबी मेटलाइफ इंश्योरेंस कंपनी का प्रतिनिधि बताया। उसने रामदास को उनके बेटे की पॉलिसी बंद कराने और बड़ी रकम मिलने का झांसा दिया। पॉलिसी बंद करने पर 6.69 लाख और एक विशेष स्कीम के तहत 10 लाख रुपये मिलेंगे। इसके लिए सिक्योरिटी के रूप में 50 हजार रुपये और जीएसटी के नाम पर 1.80 लाख रुपये जमा कराने को कहा गया। झांसे में आकर रामदास ने पैसे ट्रांसफर कर दिए, जिसके बाद कुल 2.30 लाख रुपये की ठगी की गई। जांच के दौरान 13 अप्रैल 2026 को पुलिस ने प्रवीण पुत्र मोहन निवासी मंगोलपुरी, दिल्ली को गिरफ्तार किया। आरोपी अपने नाम की सिम कार्ड ठगों को उपलब्ध कराता था।

### गौरव 98.6% के साथ नितानंद स्कूल के टॉपर, 10वीं में 100% परिणाम

**रोहतक।** स्वामी नितानंद पब्लिक स्कूल के लिए इस वर्ष गर्व का अवसर रहा, जब सीबीएसई कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इस वर्ष छात्र गौरव औहल्याण ने 98.6% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया और स्कूल टॉपर बने। विद्यालय के 28 विद्यार्थियों ने 95% से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 60 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक और 102 विद्यार्थियों ने 80% से अधिक अंक हासिल कर शानदार प्रदर्शन किया। विषयवार परिणाम भी बेहद प्रभावशाली रहे। विद्यार्थियों ने अंग्रेजी, हिंदी, गणित और सामाजिक विज्ञान में 100 अंक प्राप्त किए, जबकि विज्ञान में 98 और कंप्यूटर में 98 अंक हासिल कर उत्कृष्टता का परिचय दिया। विद्यालय चेयरमैन सुमीत मलिक ने विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई दी।



### शीतल स्पोर्ट्स स्कूल, किलोई का शानदार प्रदर्शन, 100% परिणाम



**रोहतक।** शीतल स्पोर्ट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, किलोई का कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा सत्र 2025-26 का परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने सफलता हासिल कर न केवल स्कूल, बल्कि अपने अभिभावकों और क्षेत्र का नाम भी गौरवान्वित किया है। इस वर्ष विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। विशेष रूप से मोहित, केशव, रिया, मानसी और रितिक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का मान बढ़ाया। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार इस उपलब्धि का श्रेय विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग को जाता है। प्राचार्य अनिल हुड्डा एवं निर्देशिका राजवंती हुड्डा ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

### फोन कॉल से 77 हजार की ठगी गिरोह का आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** फोन कॉल के माध्यम से धोखाधड़ी कर 77 हजार ठगने के मामले में पुलिस ने गिरोह में शामिल एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया है। थाना शिवाजी कॉलोनी के प्रभारी निरीक्षक राकेश सैनी ने बताया कि काठ मंडी निवासी सुमन की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू की गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि 8 मार्च को सुमन के फोन पर एक व्यक्ति ने खुद को जानकार पंडित बताकर फर्जी संदेश भेजे, जिनमें गलती से पैसे ट्रांसफर होने की बात कही गई। इसके बाद आरोपी ने सुमन से पैसे वापस भेजने के लिए कहा और क्यूआर कोड के माध्यम से अलग-अलग ट्रांजैक्शन करवाकर कुल 77 हजार रुपये ठग लिए। मामले की जांच मुख्य सिपाही दिनेश द्वारा की गई। जांच के दौरान 15 अप्रैल को पुलिस ने इन्द्रजीत पुत्र राजेश साहनी निवासी रोहिणी, दिल्ली को गिरफ्तार किया, जो खाते कमीशन पर उपलब्ध करवाता था। चार अन्य को पहले गिरफ्तार किया जा चुका है।



## दुहन स्कूल के विद्यार्थियों ने लहराया सफलता का परचम, 100% परिणाम



**रोहतक।** दुहन स्कूल का कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यार्थियों में खुशी की लहर दौड़ गई। इस वर्ष विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। परीक्षा में श्रुति ने 98.2% अंक के साथ प्रथम स्थान, आदित्य दुहन 97.2% अंक के साथ द्वितीय रहा। जबकि नेहा/अजय ने 96.4% अंक प्राप्त किए। दीक्षा (95.4%), अंशिका (95.2%), आर्यन मलिक (95.2%), अर्पित (95%), मोहित (94.4%) और लायनल सिंह मलिक (94.4%) सहित कई छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय के 32 विद्यार्थियों ने 80% से अधिक अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की। अंग्रेजी में श्रुति और आदित्य ने 100 अंक प्राप्त किए, सामाजिक विज्ञान में अर्पित ने 100 अंक हासिल किए। विद्यालय चेयरपर्सन डॉ. अशोक दुहन, डॉ. सुनीता दुहन, प्राचार्या अनु राणा और उपप्राचार्या संतोष मलिक ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई दी।

## जॉन वेस्ले कॉन्वेंट के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन, 10वीं में रहे अव्वल



**रोहतक।** जॉन वेस्ले कॉन्वेंट स्कूल के कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों ने परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। छात्रों ने मेहनत, लगन और समर्पण के बल पर सफलता का परचम लहराया। इस वर्ष शगुन ने 97.2% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। ईशान वर्मा ने 95.6% अंक के साथ द्वितीय स्थान तथा रिशांत भारद्वाज ने 95.2% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। विषयवार प्रदर्शन में सोशल साइंस में ईशान वर्मा और आईटी में शगुन ने 100 अंक प्राप्त किए। गणित में शगुन और आयुष हुड्डा ने 99 अंक, अंग्रेजी में ईशान वर्मा और रिशांत ने 98 अंक प्राप्त किए। संस्कृत में अनुष्का ने 97 अंक, हिंदी में शगुन ने 94 तथा विज्ञान में शगुन ने 93 अंक हासिल किए। विद्यालय के डायरेक्टर सुरेंद्र मलिक और प्राचार्या डॉ. ममता मलिक ने विद्यार्थियों की सफलता पर खुशी व्यक्त की।

### मॉडल एजुकेशन सोसाइटी ने विद्यार्थियों को किया सम्मानित



**रोहतक।** सीबीएसई द्वारा कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया था। जिसमें 100% नतीजों के साथ मॉडल स्कूल ने शानदार प्रदर्शन किया तथा 80 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक हासिल किए। मॉडल एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष एवं उपायुक्त रोहतक सचिन गुप्ता ने बच्चों को शुभकामनाएं भेजी। प्रबंधन समिति के द्वारा 97% और उससे ज़्यादा अंक हासिल करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इन विद्यार्थियों में खुशी, केशव, पीहू, मैत्री, नमन मिगलानी, अरमान, जाह्नवी, रिषिता, जोया, दिशु ढाका, शौर्यवीर, पलक, अक्षिता, अन्वी, राशि, रिद्धि, कीर्ति, केशव मुंजाल, पार्थ, महक, साक्षी राठी, रिद्धि शामिल रहे। मॉडल एजुकेशन सोसाइटी के सचिव राजेश सहगल ने घोषणा की, कि 98% और उससे अधिक अंक हासिल करने वालों की सौ प्रतिशत ट्यूशन फीस माफ की जाएगी। 95% और उससे अधिक लेकिन 98% से कम अंक हासिल करने वाले बच्चों की 75% ट्यूशन फीस, 93% और उससे अधिक लेकिन 95% से कम अंक हासिल करने वालों की 50% व 90% और उससे अधिक तथा 93% से कम अंक हासिल करने वालों की 25% फीस माफ की जाएगी।

### एचडी पब्लिक स्कूल बहु अकबरपुर का शानदार प्रदर्शन, रचा इतिहास

**रोहतक।** एचडी पब्लिक स्कूल बहु अकबरपुर ने कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर अपनी श्रेष्ठता साबित की है। इस वर्ष विद्यालय के मेधावी छात्र द्रोणा देब ने 98% अंक प्राप्त कर स्कूल टॉपर का खिताब हासिल किया। इसके अलावा देव (97.8%), भूमित (96.2%), हिमांशु मलिक (96%), प्रिंस (95.4%), सृष्टि तंवर (95.2%), विधि बलहारा (95.2%) और अक्षय (95.2%) सहित कई विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय का समग्र परिणाम भी बेहद प्रभावशाली रहा। 95% से अधिक अंक 13 विद्यार्थियों ने, 90% से अधिक अंक 33 विद्यार्थियों ने तथा 80% से अधिक अंक 76 विद्यार्थियों ने प्राप्त किए, जो विद्यालय की गुणवत्ता शिक्षा का प्रमाण है। विषयवार प्रदर्शन में द्रोणा देब ने अंग्रेजी और गणित में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर विशेष उपलब्धि हासिल की। वहीं सामाजिक विज्ञान में भूमित और प्रिंस ने भी 100 अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। डायरेक्टर सुरेंद्र सिंह फौगाट, अकादमिक डायरेक्टर कृष्णा फौगाट और प्राचार्य दुलाल देब ने सभी को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



### स्कॉलर्स रोजरी स्कूल का शानदार परिणाम, 100% सफलता बरकरार



**रोहतक।** स्कॉलर्स रोजरी स्कूल का कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम इस वर्ष भी शत-प्रतिशत रहा। विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। इस वर्ष कुल 363 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जिनमें से सभी सफल घोषित हुए। परिणाम में 199 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 95 विद्यार्थियों ने 80% से अधिक अंक हासिल कर उल्लेखनीय सफलता दर्ज की। मेधावी विद्यार्थियों में अनन्य राणा ने 99.6% अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान हासिल किया। आशिता सिंह और कृतिका काद्यान ने 99.4%, वंश दुहन ने 99.2% तथा अनन्य गोयल ने 99% अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विषयवार उपलब्धियों में सामाजिक अध्ययन में 64 विद्यार्थियों ने 100 अंक प्राप्त किए, गणित में 17 विद्यार्थियों तथा अंग्रेजी में 10 विद्यार्थियों ने शत-प्रतिशत अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रीति गुगनानी और निदेशक डॉ. रविंद्र गुगनानी ने इस शानदार उपलब्धि पर विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई दी।

## न्यूज डायरी

### आईबी स्कूल का शानदार प्रदर्शन



**रोहतक।** सीबीएसई कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम 2026-27 में आईबी स्कूल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 100% परिणाम हासिल की है। इस वर्ष 25 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक तथा 33 विद्यार्थियों ने 80% से अधिक अंक प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया। 3 विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। 87 विद्यार्थियों ने सभी विषयों में 95% से अधिक अंक प्राप्त कर नाम रोशन किया। परिणाम में दिव्यम बंसल ने 98.4% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। नमोकाशी जैन ने 97.6% अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि युविका और अन्वी शर्मा ने 97.4% अंक लेकर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के चेयरमैन अमरजीत ढुल एवं प्रधानाचार्य डॉ. मनोज कुमार सिंह ने बधाई दी।

### रोहतक में छाया कोटा क्लासेस का जलवा



**रोहतक।** रोहतक। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 10वीं के परीक्षा परिणामों में रोहतक स्थित कोटा क्लासेस के विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का परचम लहराया है। संस्थान के छात्रों ने रिकॉर्डतोड़ प्रदर्शन करते हुए न केवल शिक्षा जगत में अपनी धाक जमाई है। बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने 95% से अधिक अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। डायरेक्टर संदीप कुमार ने कहा कि कोटा क्लासेस में हम केवल पाठ्यक्रम पूरा करने पर नहीं, बल्कि विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास पर ध्यान देते हैं। सफलता से गदगद विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों ने डायरेक्टर संदीप कुमार व फैकल्टी का आभार व्यक्त किया।

### पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल, सुनारियां का शानदार प्रदर्शन



**रोहतक।** पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल सुनारियां का कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम इस वर्ष शत-प्रतिशत रहा। इस वर्ष 9 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए। मानसी यादव 97.2% अंक के साथ प्रथम, सीरत 96.2% अंकों के साथ द्वितीय जबकि शानवी बल्हारा 95.8% अंक लेकर तृतीय रही। सोशल साइंस में मानसी यादव ने 100 अंक प्राप्त किए। अंग्रेजी में सीरत ने 99 अंक, हिंदी में मानसी ने 97 अंक, गणित में शानवी बल्हारा ने 98 अंक, साइंस में मानसी ने 94 अंक तथा कंप्यूटर में तनु ने 99 अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। चेयरमैन आईजी सिमरदीप ने बधाई दी।

### बाबा बंदा बहादुर पब्लिक स्कूल का परिणाम अव्वल



**रोहतक।** बाबा बंदा बहादुर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। लक्षिता 97.4% के साथ प्रथम रही। हरपिता (93.6%), किरण (93%) और पारिश (90.2%) ने भी बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस वर्ष कुल 63 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जिनमें से 21 विद्यार्थियों ने 80% से अधिक अंक प्राप्त कर मेरिट सूची में स्थान बनाया। विषयवार प्रदर्शन में गणित और विज्ञान में 97 अंक, सामाजिक विज्ञान और हिंदी में 98 अंक, अंग्रेजी में 96 अंक तथा आईटी में 99 अंक प्राप्त कर विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्रबंधन एवं अध्यक्ष आरके निर्मल और प्राचार्य सलिल मेहता ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी।

### पठानिया पब्लिक स्कूल में शानदार परिणाम



**रोहतक।** सीबीएसई कक्षा 10वीं के घोषित परीक्षा परिणाम में पठानिया पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। हिमांशी 99.2 प्रतिशत अंक के साथ विद्यालय में प्रथम, हिमाक्षी पाहवा ने 99 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय व अभिषिक्ता नायक ने 98.8 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। कुल 212 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जिनमें से 14 ने 98 प्रतिशत से अधिक, 48 ने 95 प्रतिशत से अधिक और 97 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर शानदार उपलब्धि हासिल की। 55 विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर उत्कृष्टता का नया कीर्तिमान स्थापित किया।

### सांघी के राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल का शानदार प्रदर्शन



**रोहतक।** गाँव सांघी स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का वार्षिक परीक्षा परिणाम इस वर्ष अत्यंत गौरवशाली रहा है। विद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम 97 प्रतिशत दर्ज किया गया। इस वर्ष के परिणामों में विद्यालय की बेटियों ने शानदार प्रदर्शन किया। दीक्षा ने 96% अंक के साथ प्रथम, रीत ने 95% अंकों के साथ द्वितीय और नैन्सी ने 93% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया है। विद्यालय के कुल 30 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में जगह बनाई है। विद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि शिक्षकों के व्यक्तिगत मार्गदर्शन और साल भर चली विशेष कक्षाओं के कारण ही स्कूल 97% परिणाम और 30 मेरिट का आंकड़ा छू पाया है। टॉपर दीक्षा, रीत और नैन्सी के साथ-साथ सभी 30 मेरिट धारक छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

### एसबी मॉडल स्कूल का उत्कृष्ट परिणाम



**रोहतक।** एसबी मॉडल स्कूल के कुल 57 विद्यार्थियों में से 20 ने 80% से अधिक अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया है। विद्यालय की छात्रा अंशु ने 99% अंक के साथ प्रथम, कृष्णा 97% अंक के साथ द्वितीय जबकि दीक्षा और पुनीता ने 93% अंक हासिल किए। देविका, आशीष और मयंक ने 92%, प्रतिज्ञा ने 91% तथा इच्छा ने 90% अंक प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया। अन्य विद्यार्थियों में नितिन, सौरभ, निकिता, लक्षिता, योगेश, मानव, इंदु, साक्षी, अक्षय, बंटी और हर्ष ने 80% से अधिक अंक प्राप्त कर सफलता में योगदान दिया। विद्यालय की प्राचार्या कृष्णा रोहिल्ला ने इस उपलब्धि पर विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई दी।

### जेपी इंटरनेशनल स्कूल का शानदार प्रदर्शन

**रोहतक।** जेपी इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने इस वर्ष कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत (100%) परिणाम हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। सभी विद्यार्थी न केवल सफल रहे, बल्कि अधिकांश ने उच्च अंक प्राप्त कर मेरिट सूची में भी स्थान बनाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य बाई नाथ नाईक ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के विश्वास का परिणाम है। परीक्षा परिणाम में सानवी ने 95.8% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। अभिमन्यु फौगाट ने 95.6% अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि मयंक शर्मा ने 95% अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधन ने शुभकामनाएं दीं।



सानवी



अभिमन्यु फौगाट



मयंक शर्मा

## खबर संक्षेप



### सीएम ने नागरिक भागीदारी को मजबूत बनाने पर जोर दिया

**रोहतक।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नगर निकायों में गठित वार्ड समितियों के प्रतिनिधियों से सीधा संवाद कर नागरिक भागीदारी को मजबूत बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हरियाणा नगर निकाय नागरिक भागीदारी अधिनियम 2008 के तहत बनाई गई ये समितियां शहरी विकास और स्वच्छता व्यवस्था को प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। वीरवार को जिला विकास भवन स्थित डीआरडीए सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उपायुक्त सचिन गुप्ता, मेयर राम अवतार वाल्मीकि, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त मनजीत सिंह व नमिता सिंह सहित विभिन्न वार्डों के पार्षद और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने समितियों के कार्यों की जानकारी ली।

# सुबह से दोपहर तक कटौती लाढ़ौत रोड पर पानी संकट

आज आधे शहर में कई घंटे तक बत्ती रहेगी गुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहरवासियों के लिए शुक्रवार का दिन परेशानी भरा रहने वाला है। बिजली निगम द्वारा मरम्मत कार्य के चलते आधे शहर में अलग-अलग समय पर बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इसका सीधा असर लोगों की दिनचर्या पर पड़ेगा सुबह की शुरुआत से लेकर दोपहर तक लोग बिजली और पानी दोनों की किल्लत झेलेंगे।

### पानी की कमी परेशानी को कर देगी दोगुना

पानी की समस्या ने बढ़ाई चिंता लाढौत रोड और आसपास के क्षेत्रों के लिए यह कटौती और ज्यादा मुश्किल खड़ी करने वाली है। दरअसल, सुबह का समय ही पानी सप्लाई का होता है और उसी दौरान बिजली बंद रहने से पानी की मोटरें नहीं चल पाएंगी। इसका मतलब साफ है कि हजारों घरों में पानी की आपूर्ति भी प्रभावित होगी। लोगों का कहना है कि पहले ही गर्मी का असर बढ़ने लगा है और ऐसे में पानी की कमी परेशानी को दोगुना कर देती है। कई लोगों ने शिकायत की है कि बिना पूर्व सूचना के इस तरह की कटौती से उन्हें वैकल्पिक व्यवस्था करने का भी समय नहीं मिल पाता। बिजली कटौती का असर सिर्फ पानी तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि घरों, दुकानों और छोटे कारोबारों पर भी पड़ेगा। सुबह के समय लोग न तो ठीक से घरेलू काम कर पाएंगे और न ही अपने व्यवसाय शुरू कर पाएंगे। वहीं छात्रों की पढ़ाई और ऑनलाइन काम करने वालों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। मंडियों में खरीद प्रक्रिया भी प्रभावित होगी।



### लाढ़ौत रोड फीडर पर 6 से 8 बजे तक बिजली कट

वहीं दूसरी ओर, सुबह 6 बजे से 8 बजे तक लाढौत रोड फीडर पर भी बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इस कटौती का असर लाढौत रोड, हैफड रोड, उत्तम विहार, टोल प्लाजा क्षेत्र, लक्ष्मी नगर, चमारिया, नसीरपुर, सनसिटी हाइट्स, विशाल नगर, सुपवा, राजीव गांधी कॉलोनी और पानीपत रोड जैसे इलाकों में देखने को मिलेगा।

### सुबह 9 से 1 बजे तक नहीं आएगी बत्ती

बिजली निगम के अनुसार, सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक बाबरा मोहल्ला फीडर पर जरूरी मरम्मत कार्य किया जाएगा। इस दौरान बाबरा मोहल्ला, पीली कोठी, पुरानी सब्जी मंडी, माता दरवाजा, डेयरी मोहल्ला और आसपास के इलाकों में बिजली पूरी तरह बंद रहेगी। ये सभी इलाके घनी आबादी वाले हैं, जहां रोजमर्रा के कामों के लिए बिजली बेहद जरूरी है।

बिजली निगम के मरम्मत कार्य के चलते आधे शहर की जनता होगी परेशान

### निगम की दलील : बड़े फॉल्ट से बचने के लिए मरम्मत जरूरी

बिजली निगम का कहना है कि यह कटौती जरूरी मरम्मत कार्य के चलते की जा रही है, ताकि भविष्य में किसी बड़े फॉल्ट से बचा जा सके। हालांकि, लोगों का कहना है कि अगर पहले से बेहतर योजना और समय का चयन किया जाए, तो आमजन को इतनी परेशानी न झेलनी पड़े।

### कटौती का समय ऐसा हो, जिससे पानी सप्लाई प्रभावित नहीं हो

शहरवासियों ने मांग की है कि बिजली कटौती का समय ऐसा रखा जाए, जिससे पानी सप्लाई प्रभावित न हो। साथ ही, पहले से स्पष्ट सूचना दी जाए, ताकि लोग अपनी तैयारी कर सकें। फिलहाल, आज का दिन शहर के आधे हिस्से के लिए बिजली और पानी दोनों के लिहाज से चुनौतीपूर्ण रहने वाला है।

हीमोफीलिया दिवस आज

# हीमोफीलिया मरीजों के लिए मसीहा बने अजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

समाज में कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं जो अपनी शारीरिक पीड़ा को अपनी कमजोरी नहीं, बल्कि अपनी सबसे बड़ी ताकत बना लेते हैं। रोहतक के अजय शर्मा एक ऐसा ही नाम है, जिन्होंने हीमोफीलिया जैसी गंभीर आनुवंशिक बीमारी से जूझते हुए न केवल खुद को संभाला, बल्कि अपना पूरा जीवन अन्य मरीजों की सेवा में समर्पित कर दिया। हरियाणा ही नहीं, बल्कि पड़ोसी राज्यों के मरीज भी अजय शर्मा को आशा की एक किरण के रूप में देखते हैं। अजय स्वयं एक हीमोफीलिया मरीज हैं। शुरुआती दिनों में वे बेहद अकेलेपन और अनिश्चितता के दौर से गुजरे। उन्हें लगता था कि शायद वह इस बीमारी से पीड़ित अकेले व्यक्ति हैं। उन्होंने हार मानने के बजाय अन्य मरीजों की तलाश शुरू की। अजय को समझ आया कि उनके जैसे सैकड़ों लोग सही जानकारी और संसाधनों के अभाव में जूझ रहे हैं।



- मरीज को फैक्टर इंजेक्शन समय पर करवाते हैं उपलब्ध

### 2011 में हीमोफीलिया सोसाइटी का गठन

अजय ने साल 2011 में अन्य मरीजों के साथ मिलकर हीमोफीलिया सोसाइटी रोहतक का गठन किया। इस संस्था के माध्यम से वे लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करते हैं। अजय कहते हैं, यह बीमारी 10,000 में से किसी एक पुरुष को होती है। मुझे लगता है कि भगवान ने मुझे इस बीमारी के साथ इसलिए चुना है ताकि मैं इसके खिलाफ लड़ सकूं।

### क्या है हीमोफीलिया

हीमोफीलिया एक दुर्लभ आनुवंशिक विकार है, जिसमें शरीर में रक्त के थक्के जमने की प्रक्रिया बाधित हो जाती है। सामान्य व्यक्ति को चोट लगने पर खून बहना बंद हो जाता है, लेकिन हीमोफीलिया के मरीज में छोटी सी चोट भी घातक साबित हो सकती है क्योंकि खून का बहाव रुकता नहीं है।

# समावेशी समाज के निर्माण में पंच परिवर्तन अपनाएं युवाः वीसी

राष्ट्रीय संगोष्ठी को कुलपति प्रो मिलाप पुनिया ने किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मिलाप पुनिया ने कहा कि समावेशी समाज का निर्माण केवल योजनाओं से नहीं, बल्कि व्यक्ति के विचार और व्यवहार में बदलाव से संभव है। उन्होंने कहा कि डॉ. बी.आर. अंबेडकर के सिद्धांत-समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व आज भी प्रासंगिक हैं और इन्हीं मूल्यों पर पंच-परिवर्तन आधारित है।

आईएचटीएम हॉल में विधि और संस्कृत विभाग द्वारा छात्र कल्याण कार्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना और यूथ रेड क्रॉस के सहयोग से समावेशी समाज के निर्माण में डॉ. बीआर अंबेडकर और पंच-परिवर्तन की भूमिका विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति प्रो मिलाप पुनिया ने ये उद्गार प्रकट किए। मुख्य अतिथि फणीन्द्र नाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री (संगठन) बीजेपी ने कहा कि पंच-परिवर्तन की अवधारणा समाज में नैतिकता, जागरूकता और समरसता को सुदृढ़ करने का प्रभावी माध्यम है। मुख्य वक्ता डॉ श्यामा प्रसाद मुख़र्जी रिसर्च फाउंडेशन, नई दिल्ली के निदेशक बिनय कुमार सिंह ने कहा कि जब तक समाज के प्रत्येक वर्ग को समान अवसर नहीं मिलते, तब तक वास्तविक विकास संभव नहीं है।



**रोहतक।** आयोजित कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारंभ करते फणीन्द्र नाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री, डॉ श्यामा प्रसाद मुख़र्जी रिसर्च फाउंडेशन, नई दिल्ली के निदेशक बिनय कुमार सिंह व कुलपति प्रो. मिलाप पुनिया। फोटो : हरिभूमि

# जयपुर में डॉ. आरती और डॉ. सुमन ने बेस्ट पेपर प्रेजेंटेशन पुरस्कार जीते

एनाटॉमी विभाग ने बढ़ाया पीजीआई का मान

**रोहतक।** पंडित भगवत दयाल शर्मा पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के एनाटॉमी विभाग ने शैक्षणिक एवं शोध उत्कृष्टता का परिचय देते हुए अंतरराष्ट्रीय मंच पर संस्थान का नाम रोशन किया है। जयपुर में 2 से 4 अप्रैल 2026 तक आयोजित सोसाइटी ऑफ क्लिनिकल एनाटॉमिस्ट्स के 14वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में विभाग ने दो बेस्ट पेपर प्रेजेंटेशन पुरस्कार जीतकर अपनी शोध-निष्ठ प्रतिबद्धता सिद्ध की। इस प्रतिष्ठित सम्मेलन में 900 से अधिक राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागियों ने सहभागिता की। डॉ एच के अग्रवाल ने बताया कि सम्मेलन के दौरान "एनाटॉमी में करियर का भविष्य" विषय पर आयोजित विशेष पैनल डिस्कशन में डॉ. आरती को विशिष्ट पैनलिस्ट के रूप में आमंत्रित किया गया। डॉ. आरती को यह सम्मान एनाटॉमी शिक्षण में नवाचार, वर्चुअल डिसेक्शन तकनीक और यूजी-पीजी पाठ्यक्रम में क्लिनिकल कोरिलेशन को एकीकृत करने में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया गया। शोध क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए, डॉ. कमल सिंह एवं डॉ. सुमन यादव को बेस्ट ओरल/पोस्टर प्रेजेंटेशन के प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया गया। डॉ. कमल सिंह का शोध "इमेज-आधारित एमसीक्यू एवं पारंपरिक एमसीक्यू के माध्यम से एनाटॉमी में फॉर्मेटिव असेसमेंट की प्रभावशीलता एवं छात्र दृष्टिकोण" पर केंद्रित रहा, जिसमें आधुनिक मूल्यांकन पद्धतियों की उपयोगिता को रेखांकित किया गया। वहीं, डॉ. सुमन यादव का शोध "मेडिकल शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रति ज्ञान, धारणा एवं नैतिक जागरूकता" पर आधारित था, जो वर्तमान समय में उभरती तकनीकी चुनौतियों एवं नैतिक पहलुओं को सामने लाता है। पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एच के अग्रवाल ने एनाटॉमी विभाग की इस अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि पर विभागाध्यक्ष डॉ एस के राठी सहित सभी संकाय सदस्यों को हार्दिक बधाई दी।

# एमडीयू की जमीन पर कोर्ट कॉम्प्लेक्स बनाने का विरोध

महर्षि दयानंद विवि के गैर शिक्षक संघ ने खोला मोर्चा सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विवि (एमडीयू) की कीमती जमीन पर कोर्ट कॉम्प्लेक्स बनाने के जिला प्रशासन के प्रयासों ने अब एक बड़े विवाद का रूप ले लिया है। इस प्रस्तावित अधिग्रहण के विरोध में एमडीयू गैर शिक्षक संघ ने मोर्चा खोल दिया है। संघ के पदाधिकारियों ने कुलपति प्रोफेसर मिलाप पुनिया से मुलाकात कर राज्यपाल असीम कुमार घोष के नाम एक ज्ञापन सौंपा।

संघ ने कड़ा विरोध दर्ज कराते हुए बताया कि रोहतक जिला प्रशासन द्वारा विश्वविद्यालय की सक्षम अनुमति के बिना ही कन्हेली पुल के पास स्थित चारदीवारी का एक हिस्सा गिरा दिया गया है। संघ ने सवाल उठाया कि आखिर हर बार प्रशासनिक उद्देश्यों के लिए एमडीयू की जमीन को ही निशाना क्यों बनाया जाता है। पूर्व में भी पीजीआईएमएस, केंद्रीय विद्यालय और सर्किट हाउस जैसी संस्थाओं को विश्वविद्यालय की जमीन दी जा चुकी है, जिसके बदले संस्थान को कोई यथोचित लाभ नहीं मिला। संघ के प्रधान सुरेश कौशिक और महासचिव डॉ. विजय पाल धनखड़ ने बताया कि 13 अप्रैल को हुई कार्यकारी समिति की आपात बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि यदि प्रशासन 10 दिनों के भीतर अपनी गतिविधियों को नहीं रोकता, तो विश्वविद्यालय के शिक्षक, गैर-शिक्षक और छात्र मिलकर एक बड़ा आंदोलन शुरू करेंगे। इसकी पूरी जिम्मेदारी हरियाणा सरकार और जिला प्रशासन की होगी।



**रोहतक।** कुलपति प्रो. मिलाप पुनिया को ज्ञापन सौंपते गैर शिक्षक कर्मचारी।

# रिसर्च कॉन्क्लेव की तैयारियां पूरीः वीसी ने लिया जायजा, आज होगा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, रोहतक में 17 अप्रैल को आयोजित होने वाले चौथे रिसर्च कॉन्क्लेव कम कॉन्फ्रेंस की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बुधवार को कुलपति डॉ एच के अग्रवाल ने सुश्रुत ऑडिटोरियम पहुंचकर आयोजन स्थल, तकनीकी व्यवस्थाओं और वैज्ञानिक सत्रों की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कॉन्क्लेव के दौरान आने वाले देशभर के विशेषज्ञों और युवा शोधकर्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

कॉन्क्लेव की इंचार्ज डॉ पुष्पा दहिया ने बताया कि देश के सर्वश्रेष्ठ संस्थानों जैसे एम्स दिल्ली, आईसीएमआर, निमहंस और टाटा-आईआईएससी से विख्यात प्राध्यापक और विशिष्ट रिसर्चर विद्यार्थियों को रिसर्च के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराएंगे और मार्गदर्शन करेंगे। जनसंपर्क विभाग के इंचार्ज डॉ वरुण अरोड़ा ने कहा कि इस कॉन्क्लेव में करीब 600 रजिस्ट्रेशन हो चुकी हैं और 250 शोध पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे।



**रोहतक।** कार्यक्रम की तैयारियों का निरीक्षण करते कुलपति डॉ एच के अग्रवाल। फोटो : हरिभूमि

# छात्राओं ने मानव शृंखला बनाकर दिया नारी सशक्तिकरण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पं. नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र सांगवान, डॉ. सुनीता रानी, डॉ. अंजु मलिक, एनसीसी एएनओ डॉ. रश्मि सिंह तथा छात्रा इकाइयों की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. रुचिका खन्ना एवं डॉ. ज्योति दलाल की उपस्थिति में नारी शक्ति वंदन अधिनियम प्रचार अभियान के अंतर्गत एनएसएस एवं एनसीसी की छात्राओं ने मानव शृंखला बनाकर महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया।




### छात्राओं ने समान भागीदारी के प्रति जागरूक किया

छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए जागरूकता रैली निकाली तथा विभिन्न नारों के माध्यम से समाज को महिलाओं के सम्मान, अधिकार एवं समान भागीदारी के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर छात्राओं ने सशक्त नारी, देश की शान, यही है भारत की पहचान, सशक्त नारी, सशक्त भारत, नारी का सम्मान, देश का स्वाभिमान तथा महिलाओं की भागीदारी, राष्ट्र निर्माण में सहभागीदारी जैसे प्रेरणादायक नारे लगाए। महाविद्यालय प्रशासन ने छात्राओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि युवा शक्ति के माध्यम से ही समाज में जागरूकता का विस्तार संभव है।

# विशेष व्याख्यान में वक्ताओं ने दिया हानिकारक आदतों से बचने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के केमिस्ट्री विभाग में आईईसी गतिविधि के तहत ओरल हाइजीन और ओरल कैंसर विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। विभागाध्यक्ष प्रो. देवेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में सिविल अस्पताल, रोहतक के डॉ. अतुल शर्मा, डॉ. निधि, डॉ. विश्व दीपक व डॉ. विशाल मोंगिया ने विद्यार्थियों को मौखिक स्वच्छता और कैंसर से बचाव के बारे में जानकारी दी। वक्ताओं ने दैनिक ओरल केयर, नियमित जांच, प्रारंभिक पहचान और हानिकारक आदतों से बचने पर जोर दिया। साथ ही तनावमुक्त जीवनशैली को भी आवश्यक बताया गया। अंत में प्रश्नोत्तर सत्र में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. संगीता यादव ने किया। इस अवसर पर विभाग के प्राध्यापक प्रो. हरिओम, प्रो. प्रीति बूरा दून, प्रो. राजेश कुमार मलिक, प्रो. नवीन कुमार, प्रो. कोमल जाखड़ सहित अन्य शिक्षक, शोधार्थी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।



**रोहतक।** सिविल अस्पताल, रोहतक के डॉ. अतुल शर्मा को सम्मानित करते विभागाध्यक्ष प्रो. देवेंद्र सिंह। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 × 8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

बैठकें 40 नहीं, 20 प्रतिशत के कोरम से कराई जा रही

# अब ग्राम सभाओं में 6 प्रमुख मुद्दों पर अनिवार्य चर्चा होगी

एमपी-एमएलए को देनी होगी बैठक की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पंचायत विभाग के निदेशक की ओर से ग्राम पंचायतों को निर्देश जारी किए गए हैं कि वर्ष में आयोजित होने वाली तीनों अनिवार्य ग्राम सभाओं को समय पर कराया जाए और उनमें छह प्रमुख मुद्दों पर विस्तृत चर्चा व समीक्षा सुनिश्चित की जाए। इन बैठकों को गांव के समूचे विकास और समस्याओं के समाधान का महत्वपूर्ण मंच मानते हुए सभी सरपंचों और ग्राम सचिवों को सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए गए हैं। निर्देशों के अनुसार, ग्रामसभाओं में सबसे पहले गांव में पेयजल आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा की जाएगी। यह देखा जाएगा कि सभी घरों तक स्वच्छ पानी पहुंच रहा है या नहीं। दूषित जल के प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि गंदे पानी की निकासी और उससे फैलने वाली बीमारियों पर नियंत्रण पाया जा सके।

### ये हैं मुद्दे ग्राम सभाओं में

अमृत सरोवर से जुड़े कार्यों की प्रगति और जलभराव की समस्याओं की भी समीक्षा अनिवार्य रूप से की जाएगी। बरसात के मौसम में जल जमाव से होने वाली परेशानियों को ध्यान में रखते हुए स्थायी समाधान पर चर्चा होगी इसके अलावा गांव में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति को गंभीर विषय मानते हुए इस पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा और युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए सामूहिक प्रयासों पर जोर रहेगा। सामाजिक सुरक्षा के तहत मिलने वाली पेंशनों के लाभार्थियों का सत्यापन भी इन बैठकों में ही होगा। स्वच्छता और ठोस कचरा प्रबंधन की व्यवस्था का निरीक्षण करने के साथ-साथ गांव में बने सभी सरकारी भवनों के रखरखाव की स्थिति की समीक्षा की जाएगी। इसके अलावा ग्राम पंचायतों द्वारा दर्ज सभी विकास कार्यों की प्रगति का भी आकलन किया जाएगा, ताकि योजनाओं का लाभ समय पर लोगों तक पहुंच सके। इसी क्रम में सरकार ने एक और महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब प्रत्येक ग्रामसभा की सूचना संबंधित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को भी भेजी जाएगी, ताकि वे चाहें तो बैठकों में शामिल होकर ग्रामीणों की समस्याओं को सीधे सुन सकें। इससे गांव और उच्च स्तर के बीच संवाद को मजबूत करने की उम्मीद जताई जा रही है। वहीं, ग्रामसभाओं में कम उपस्थिति बड़ी चुनौती के रूप में सामने आई है।

### कोरम नहीं हो रहा पूरा

पहले ग्रामसभा के लिए 40 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य थी, लेकिन अधिकांश गांवों में यह कोरम पूरा नहीं हो पा रहा था। इसके बाद नियमानुसार अगली बैठक के लिए कोरम घटाकर 30 प्रतिशत किया गया, परंतु वहां भी अपेक्षित संख्या नहीं जुट सकी। ऐसे में अब तीसरे स्तर पर 20 प्रतिशत उपस्थिति के आधार पर ग्रामसभाओं का आयोजन किया जा रहा है, ताकि बैठकें नियमित रूप से हो सकें और आवश्यक निर्णय लिए जा सकें।

### समाधान में आएगी तेजी

ध्यान रहे कि ग्रामसभा ग्रामीण विकास और स्थानीय समस्याओं के समाधान का सबसे प्रभावी मंच है, लेकिन कम भागीदारी इसके उद्देश्य को प्रभावित कर रही थी। इसी को ध्यान में रखते हुए कोरम में यह छूट दी गई है। नए निर्देशों और अनिवार्य एजेंडा बिंदुओं के साथ ग्रामसभाएं अधिक प्रभावी बनेंगी, ऐसा माना जा रहा है। साथ ही जनप्रतिनिधियों को सूचना देने से गांवों की समस्याएं व्यापक स्तर पर पहुंचेंगी और उनके समाधान में तेजी आएगी।

# सूरज लव मीनाक्षीः जहां प्यार से बड़ी संस्कृति भाईचारे का सबको करना चाहिए सम्मान

रोहित डागर ▶▶| रोहतक

हरियाणा के सिनेमा में एक नए युग की शुरुआत करते हुए फिल्म सूरज लव मीनाक्षी का भव्य प्रीमियर वीरवार को रोहतक के पठानिया पब्लिक स्कूल में संपन्न हुआ। इस फिल्म के जरिए हरियाणा की मिट्टी से जुड़ी एक ऐसी कहानी पेश की गई है, जिसने न केवल युवाओं बल्कि समाज के बुजुर्गों और प्रशासनिक प्रतिनिधियों का भी दिल जीत लिया है। निशा शर्मा और केशव कादयान की फिल्म में दिखाया गया है कि सूरज और मीनाक्षी एक ही गांव होते हैं और दोनों प्यार करते हैं। लेकिन जब मीनाक्षी के मां दोनों को चोरी छिपे मिलते हुए देखती है तो वह सूरज के मां को इस बारे में बताती है। दोनों की माएं सूरज को समझाती हैं और उससे कुछ कड़े सवाल करती हैं। सूरज को समझाया जाता है कि एक गांव के लड़का-लड़की कभी शादी नहीं कर सकते हैं, एक गांव के लड़का-लड़की भाई बहन होते हैं। फिल्म के जरिए संदेश दिया है कि प्यार से बड़ी संस्कृति होती है और गांव के भाईचारे का सबको सम्मान करना चाहिए। प्रेम करना कोई बुराई नहीं है लेकिन अपने ही गांव में प्रेम करना गलत है। इस फिल्म के आखिर में यही दिखाया जाते है कैसे सूरज और मीनाक्षी इस बात को समझते हैं और अपने रास्ते अलग कर लेते हैं।

*हरियाणवी फिल्म सूरज लव मीनाक्षी आज होगी रिलीज*



**रोहतक।** सूरज लव मीनाक्षी फिल्म का पोस्टर रिलीज करते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

### बुजुर्गों के जरिए नई पीढ़ी को संदेश

कलाकारों ने बताया कि इस फिल्म का मुख्य उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि सामाजिक संदेश देना है। आमतौर पर प्रीमियर कार्यक्रमों में केवल सेलिब्रिटीज को बुलाया जाता है, लेकिन इस फिल्म की टीम ने अनूठी पहल करते हुए खाप प्रधानों, सरपंचों और गांव के बड़े-बुजुर्गों को विशेष रूप से आमंत्रित किया। बुजुर्ग ही वह सबसे बड़ा जरिया हैं, जो आने वाली पीढ़ी और युवाओं तक सही संदेश पहुंचा सकते हैं।

### एक भावनात्मक कहानी

यह फिल्म 90 के दशक की एक भावनात्मक कहानी है। फिल्म की मुख्य अभिनेत्री मीनाक्षी (निशा) ने साझा किया कि अपनी भूमिका के लिए उन्होंने और पूरी टीम ने बहुत मेहनत की है। फिल्म में छोटी-छोटी बारीकियों जैसे कि पहनावा और चोटी बनाने के पारंपरिक तरीके पर विशेष ध्यान दिया गया। फिल्म के अभिनेता सूरज ने बताया कि उन्होंने किरदार में ढलने के लिए अपना वजन भी कम किया। उन्होंने कहा कि फिल्म का क्लाइमेक्स उनके दिल के बेहद करीब है क्योंकि वह बहुत ही इमोशनल है।
-फिल्म के निर्माण के दौरान टीम को कई